पत्रांक–16/वि0/1-29/2021-1903

झारखण्ड सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

सचिव,
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड, रांची ।

सेवा में,

सभी उपायुक्त,
झारखण्ड।

सभी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक,
झारखण्ड ।

सभी जिला शिक्षा अधीक्षक,
झारखण्ड ।

राँची, दिनांक 20.09.2021

**विषयः–** **राज्य में संचालित सभी सरकारी/सभी आवासीय विद्यालय/गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं झारखण्ड अधिविद्य परिषद् (JAC) से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्ग–06 से 08 की कक्षाओं का संचालन दिनांक 24.09.2021 के प्रभाव से प्रारंभ करने हेतु दिशा–निदेश ।**

**प्रसंगः–** **गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश संख्या–431/ CS /Res दिनांक 16.09.2021**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय दिनांक 17.03.2020 से वैश्विक महामारी कोरोना (Covid 19) के कारण भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा लगाए गए "स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह" को दृष्टिगत रखते हुए बंद हैं । यद्यपि इस कठिन परिस्थिति में भी राज्य में अध्ययन–अध्यापन का कार्य निजी विद्यालयों के द्वारा अपने स्तर से तथा सरकारी विद्यालयों में झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् एवं जे.सी.ई.आर.टी. द्वारा ऑनलाईन डिजीटल माध्यम से करवाने का प्रयास किया जा रहा है । परन्तु इसकी पहुँच सीमित है । विदित हो कि कक्षा 09 से 12 के विद्यालय दिनांक 05 अगस्त, 2021 से खोले गये है।

कक्षा 06 से 08 के छात्रों के पठन–पाठन की व्यवस्था शिक्षकों के मार्गदर्शन में उपलब्ध कराने हेतु विद्यालय को COVID-19 से बचाव के उपायों के साथ खोला जाना अतिमहत्वपूर्ण हो गया है । इस संदर्भ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के आलोक में राज्य सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश संख्या 431/CS/Res दिनांक 16.09.2021

पत्रांक–16/वि01-29/2021-1904

झारखण्ड सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

**सचिव,**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड, रांची ।

सेवा में,

**सभी उपायुक्त,**
झारखण्ड।

**सभी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक,**
झारखण्ड ।

**सभी जिला शिक्षा अधीक्षक,**
झारखण्ड ।

राँची, दिनांक 20.09.21

विषयः– **राज्य में संचालित सभी CBSE/CISCE बोर्ड से सम्बद्ध मान्यता प्राप्त गैर सरकारी निजी विद्यालयों में वर्ग–06 से 08 की कक्षाओं का संचालन दिनांक 24.09.2021 के प्रभाव से प्रारंभ करने हेतु दिशा–निदेश ।**

प्रसंगः– **गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश संख्या–431/ CS /Res दिनांक 16.09.2021**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय दिनांक 17.03.2020 से वैश्विक महामारी कोरोना (Covid 19) के कारण भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा लगाए गए "स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह" को दृष्टिगत रखते हुए बंद हैं । यद्यपि इस कठिन परिस्थिति में भी राज्य में अध्ययन–अध्यापन का कार्य निजी विद्यालयों के द्वारा अपने स्तर से ऑनलाईन डिजीटल माध्यम से करवाने का प्रयास किया जा रहा है । कक्षा 06 से 08 के छात्रों के पठन–पाठन की व्यवस्था शिक्षकों के मार्गदर्शन में उपलब्ध कराने हेतु विद्यालय को COVID-19 से बचाव के उपायों के साथ खोला जाना अतिमहत्वपूर्ण हो गया है । इस संदर्भ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के आलोक में राज्य सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश संख्या 431/CS/Res दिनांक 16.09.2021 द्वारा राज्य में अवस्थित सभी शिक्षण संस्थानों में वर्ग–06 से 08 की कक्षाओं के संचालन हेतु खोले जाने का निर्णय लिया गया है जिसमें विद्यालयों को खोलने में मुख्य दिशा–निदेश निम्नवत् है :–

- राज्य में संचालित सभी CBSE/ CISCE बोर्ड से सम्बद्ध मान्यता प्राप्त गैर सरकारी निजी विद्यालय, जहां कक्षा–06 से कक्षा–08 की पढ़ाई होती है, के छात्रों को अभिभावकों की सहमति से ही

विद्यालय बुलाने की अनुमति दी गयी है। इसके साथ ही सभी विद्यालय ऑनलाईन माध्यम से भी अन्य सभी कक्षाओं का संचालन पूर्व की भांति करते रहेंगे।

अतः राज्य सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश संख्या 431/CS/Res दिनांक 16.09.2021 द्वारा निर्गत आदेश पत्र की प्रति (अनुलग्नक– 'क') संलग्न कर प्रेषित करते हुये निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त के आलोक में विद्यालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाए तथा पत्र के साथ संलग्न दिशानिर्देशों का सख्ती से अनुपालन करते हुए सभी निजी विद्यालयों के वर्ग–06 से 08 की कक्षाओं का संचालन की व्यवस्था दिनांक 24.09.2021 के प्रभाव से सुनिश्चित करायी जाए ।

अनुलग्नकः यथोक्त ।

विश्वासभाजन

20/9/21

**सचिव,**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड, रांची।

